देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित www.page3news.in नगर संस्करण वर्ष 15 अंकः 157 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

**विचार-प्रवाह...**प्राकृतिक आपदाओं से सुरक्षा



# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 22 सितंबर 2020



PAGE 3 PUBLICATION | मौसम | अधिकतम 31.0° | न्यूनतम 21.0° | 37244.59

2 ताइवानी राष्ट्रपति का कर देंगे सफाया

7 धोनी उन खिलाड़ियों को पसंद करते है

## संक्षिप्त समाचार

### मराठा आरक्षण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट में उद्धव सरकार ने दायर की याचिका

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
मुंबई। महाराष्ट्र की सरकारी नौकरियों और शिक्षा में मराठा आरक्षण पर लगी रोक को खत्म करने के लिए महाराष्ट्र की उद्धव सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। महाराष्ट्र राज्य के कई हिस्से में हो रहे प्रदर्शनों के बीच सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच में इस मामले की सुनवाई कराने के लिए याचिका दायर की है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने साल 2018 के उस कानून को लागू होने से रोक दिया था, जिसमें सरकारी नौकरी और शिक्षा में मराठा समुदाय को आरक्षण देने का प्रावधान था।

### कोर्ट ने राजीव शर्मा और चीनी महिला सहयोगी को भेजा पुलिस रिमांड पर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने फ्री लांस जर्नलिस्ट राजीव शर्मा, उसकी चीनी महिला सहायिका और नेपाली साथी को सात दिन के लिए पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। राजीव पर आरोप है कि उन्होंने देश की सुरक्षा से जुड़े दस्तावेज चीन को दिए हैं और बदले में उससे पैसे लिए हैं। सीमा पर भारतीय रक्षा तैयारियों की जानकारी चीन को देने का आरोपी राजीव सबसे ज्यादा इन तीनों के संपर्क में था। दरअसल उसने इन लोगों से ही ज्यादा से ज्यादा सूचनाएं हासिल करने का प्रयास किया।

### भिवंडी में 3 मंजिला इमारत गिरी, 10 लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के भिवंडी इलाके में तीन मंजिला इमारत गिरने से दर्दनाक हादसा हो गया। सोमवार सुबह 3 बजे हुए हादसे में 10 लोगों की जान चली गई। घटना मुंबई से सटे भिवंडी के धामनकर नाका के पास पटेल कंपाउंड इलाके की है। इमारत के मलबे में अभी 35–40 लोगों के फंसे होने की आशंका है। जानकारी मिलने के बाद मौके पर एनडीआरएफ की टीम पहुंची है और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

# रवि फसल पर बढ़ेगी एमएसपी

## सरकार ने रबी की फसलों के लिए जारी की नई एमएसपी

■6 रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कृषि विधेयक के विरोध के बीच सरकार ने गेहूं की एमएसपी पर 50 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि का ऐलान कर दिया है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यह ऐलान किया। कृषि मंत्री ने रबी की 6 फसलों की नई एमएसपी जारी की है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने 6 रबी फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाने की घोषणा की। गेंहू के न्यूतनम समर्थन मूल्य में 50 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि। गेंहू अब 1975 रुपये प्रति क्विंटल मिलेगा। कुसुम्भ का समर्थन मूल्य 5327 रुपये प्रति क्विंटल घोषित। कुसुम्भ के समर्थन मूल्य में 112 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई। सरसों एवं रेपसीड का समर्थन मूल्य 4650 रुपये प्रति क्विंटल घोषित। सरसों एवं रेपसीड के समर्थन मूल्य में 225 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि। मसूर का समर्थन मूल्य 5100 रूपए प्रति क्विंटल घोषित। मसूर के समर्थन मूल्य में 300 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई। जौं का समर्थन मूल्य 1600 रुपये प्रति क्विंटल घोषित। जौं के समर्थन मूल्य में 75 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई।
चना का समर्थन मूल्य 5100 रूपए प्रति क्विंटल घोषित। चने के समर्थन मूल्य में 225 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई। बता दें कि संसद में कृषि के दो विधेयक पास होने के बाद न केवल विपक्ष हमलावर है बल्कि हरियाणा और पंजाब के किसान बड़ी संख्या पर सड़कों पर उतर गए।
**पीएम मोदी ने दिया था आश्वासनः** एमएसपी के बारे में किसानों को आश्वस्त करते हुए पीएम ने कहा था, श्मैं पहले भी कहा चुका हूं और एक बार फिर कहता हूं, एमएसपी की व्यवस्था जारी रहेगी। सरकारी खरीद जारी रहेगी। हम यहां अपने किसानों की सेवा के लिए हैं। हम अन्नदाताओं की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करेंगे और उनकी आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर जीवन सुनिश्चित करेंगे। पीएम ने कहा कि किसानों को मिली इस आजादी का लाभ दिखने लगा है। उदाहरण के तौर पर जिस प्रदेश में आलू की ज्यादा पैदावार होती है, वहां जून–जुलाई के दौरान खरीदारों ने किसानों को ज्यादा लाभ देकर सीधे कोल्ड स्टोरेज से ही आलू खरीद लिया है। बाहर भाव ज्यादा होने के दबाव में मंडियों में भी किसानों के आलू महंगे बिके। इसी तरह और एमपी और राजस्थान में तेल मिलों ने किसानों को सरसों के 20–30 फीसदी ज्यादा रेट दिए। पीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि यह नीति कृषि मंडी के खिलाफ नहीं है, कृषि मंडी पहले की ही तरह काम करते रहेंगे। इससे छोटे किसानों को ज्यादा लाभ होगा।

### किसानों के लिए ऐतिहासिकः पीएम

बिहार में योजनाओं के शिलान्यास के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई कृषि का भी जिक्र किया। इसपर उन्होंने कहा कि कल देश की संसद ने देश के किसानों को नए अधिकार देने वाले बहुत ही ऐतिहासिक कानूनों को पारित किया है। मैं देश के लोगों को, देश के किसानों को इसके लिए बहुत–बहुत बधाई देता हूं। ये सुधार 21वीं सदी के भारत की जरूरत है। हमारे देश में अब तक उपज बिक्री की जो व्यवस्था चली आ रही थी, जो कानून थे, उसने किसानों के हाथ–पांव बांधे हुए थे। इन कानूनों की आड़ में देश में ऐसे ताकतवर गिरोह पैदा हो गए थे जो किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे थे। आखिर ये कब तक चलता रहता।

### बिहार को दिया इन 9 हाइवे प्रोजेक्ट का तोहफा

पटना। बिहार चुनाव से ठीक पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर से प्रदेशवासियों को बड़ी सौगात दी है। सोमवार को पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 350 किमी. लम्बी 9 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनकी लागत 14260 करोड़ रुपये है।

# पहली बार जंगी जहाज पर दो महिला ऑफिसर्स की तैनाती

## 17 अधिकारियों की टीम में से चुनी गई दो महिला ऑब्जर्वर

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय नौसेना में पहली बार सोमवार को दो महिला अधिकारियों की तैनाती युद्धपोत पर की गई। ये दो महिला अधिकारी हैं सब–लेफ्टिनेंट कुमुदिनी त्यागी और सब–लेफ्टिनेंट रिति सिंह। इन्हें हेलीकॉप्टर स्ट्रीम में ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त किया गया है। कोच्चि में INS Garuda में आयोजित समारोह में ऑब्जर्वर के तौर पर ग्रेजुएट होने पर wings से सम्मानित किया गया है।
ये दोनों महिला अधिकारी भारतीय नौसेना के 17 अधिकारियों के टीम में शामिल हैं जिसमें 4 महिला अधिकारी व तीन भारतीय तट रक्षक भी शामिल हैं। ऑब्जर्वर के तौर पर नियुक्त ये दोनों सब–लेफ्टीनेंट जिस टीम का हिस्सा थीं उसे एयर नेविगेशन, फ्लाइंग प्रोसीजर्स, हवाई युद्ध के दौरान आजमाई जाने वाली तरकीबों, एंटी–सबमरीन वारफेयर के अलावा एवियॉनिक सिस्टम्स का प्रशिक्षण दिया गया है। पूरी टीम को कोच्चि में INS Garuda समारोह में ऑब्जर्वर्स के रूप में ग्रेजुएट होने पर विंग्स से सम्मानित किया गया।
**रियर एडमिरल ने बताया ऐतिहासिक पलः** इस समारोह में चीफ स्टाफ ऑफिसर (ट्रेनिंग) रियर एडमिरल ऐंटनी जॉर्ज ने सभी ऑफिसर्स को अवार्ड दिए। उन्होंने कहा कि यह बड़ा खास मौका है जब पहली बार महिलाएं हेलिकॉप्ष्टर ऑपरेशंस में ट्रेन्ड होकर जंगी जहाजों पर तैनात होने जा रही हैं।
**एयरफोर्स ने भी महिलाओं को दी अहम जिम्मेदारीः** नेवी के इस फैसले की खबर भी उसी दिन आई, जब यह पता चला कि वायुसेना ने भी बड़ा कदम उठाया है। राफेल लड़ाकू विमानों को उड़ाने के लिए भी एक महिला पायलट को चुना गया है। वह पायलट इस वक्ध्त कन्वर्जन ट्रेनिंग से गुजर रही हैं। वह जल्द 17 स्क्वाड्रन का हिस्सा बन जाएंगी।

### अब तक महिलाओं की एंट्री पर थी रोक

उल्लेखनीय है कि युद्ध पोतों पर प्राइवेसी के लिहाज से अब तक महिलाओं की तैनाती लंबे समय के लिए नहीं की जाती थी और यहां महिलाओं के लिए वॉशरूम भी नहीं है। लेकिन अब इन दोनों महिला अधिकारियों के आने के बाद सब बदलना निश्चित है। हालांकि भारतीय नौसेना में कई महिला अधिकारियों को तैनात किया जाता रहा है। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता कमांडर विवेक मढ़वाल ने बताया कि युद्धपोत में महिलाओं की एंट्री पर रोक थी।

# संसद परिसर में निलंबित सांसदों का प्रदर्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र का सोमवार को 8वां दिन हैं। रविवार को राज्यसभा में हंगामा करने वाले विपक्ष के 8 सदस्यों को सभापति वेंकैया नायडू ने एक हफ्ते के लिए सदन से निलंबित कर दिया है। सभापति ने ये कार्रवाई डेरेक ओश्ब्रायन, संजय सिंह, राजीव सातव, के.के. रागेश, रिपुन बोरा, डोला सेन, सैयद नजीर हुसैन और एलामरम करीम के खिलाफ की है। इसके साथ ही राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को भी सभापति ने खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि कल का दिन राज्यसभा के लिए सबसे खराब दिन था। कुछ सदस्यों के आचरण ने शिष्टाचार की सभी सीमाओं को पार कर दिया, जिससे सदन की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा।
**भाजपा सांसद ने उग्रवाद का उठाया मुद्दाः** लोकसभा में भाजपा सांसद सत्यपाल सिंह ने कहा कि हमें पता है कि उत्तर पूर्व में क्या हुआ। पिछले 50 सालों में चीजें कैसे बदलीं और एक विशेष धर्म तेजी से बढ़ा। सरकारी और खुफिया रिपोर्ट है कि थ्ब्| के पैसों से वहां कैसे उग्रवाद बढ़ा है।
**निलंबित सांसदों का प्रदर्शनः** राज्यसभा के सभापति वेंकैया नायडू द्वारा निलंबित विपक्ष के आठों संसद गांधी प्रतिमा के सामने धरना दे रहे हैं। इससे पहले निलंबित संसदों ने राज्यसभा में जोरदार हंगामा किया, जिसकी वजह से कार्यवाही को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।
**गांधी प्रतिमा के सामने रूपा गांगुली का प्रदर्शनः** अनुराग कश्यप के खिलाफ यौन शोषण का मामला संसद तक पहुंच गया है। बीजेपी सांसद रूपा गांगुली ने कार्रवाई की मांग को लेकर संसद परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने विरोध प्रदर्शन किया। यहां लड़कियों को अपमानित किया जाता है और मुंबई पुलिस इस पर कोई एक्शन नहीं लेती।

### धरना

राज्यसभा की कार्यवाही स्थगित


**Are you Planning to make a Website or already have ?**
*If yes, then we are here to serve you*
**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact: **Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# नेपाल में फिर जोर पकड़ रही हिन्दू राष्ट्र की मांग

## पूर्व उप प्रधानमंत्री ने दोहराया हिन्दू राष्ट्र का संकल्प

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

महराजगंज। सीमा पर भारत से तनाव के बीच नेपाल को पुनरू हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग जोर पकड़ रही है। 19 सितंबर को नेपाल में मनाए गए संविधान दिवस पर एक बार फिर हिन्दू राष्ट्र बनाने की मांग उठी। नेपाल की राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग दोहराई है। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व उप प्रधानमंत्री कमल थापा ने राष्ट्र के हित में सनातन हिन्दू राष्ट्र घोषित करने की मांग की।
कमल थापा ने ट्वीट कर कहा कि राष्ट्र के व्यापक हित को देखते हुए नेपाल को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाना चाहिए। दल के कार्यकर्ता भी हस्ताक्षर अभियान चलाकर इस मांग को उठा रहे हैं। विश्वहिंदू परिषद नेपाल के सचिव जितेंद्र कुमार कहते हैं कि नेपाल की लगभग 82 फीसद जनता हिन्दू है। हिन्दू राष्ट्र का दर्जा छीनकर नेपाल की मूल प्रकृति से छेड़छाड़ की गई है। नेपाल को पुनरू हिन्दू राष्ट्र का दर्जा मिले यह समय की मांग है। इस मुद्दे पर नेपाली जनता को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के सीएम योगी से भी सहयोग की उम्मीद है।